**दिनांक 01.03.2024 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट(DMFT) के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

---

उपस्थिति :– यथा पंजी अनुसार

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा एजेन्डा में शामिल योजनाओं से अवगत कराया गया तथा समिति द्वारा गहन समीक्षोपरांत निम्नांकित निर्णय लिया गया।

2. प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बताया गया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2016–2017 से वर्ष 2023–2024 तक विभिन्न प्रक्षेत्र के कुल **919** योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है जिसमे से विभिन्न एजेंसियों के द्वारा **745** योजनाओ को पूर्ण करा लिया गया है शेष योजना का कार्य प्रगति पर हैं।

   सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि लंबित योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की कार्रवाई की जाय।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

3. बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा समीक्षोपरान्त वैसे जनउपयोगी एवं महत्वपूर्ण योजनाएं जिसका प्रस्ताव एक से अधिक प्रखण्ड के पंचायतों से प्राप्त हुआ है, वैसी योजनाओं को विस्तारित करते हुए आवश्यकता अनुसार अन्य प्रखण्डों में भी क्रियान्वित कराने पर सहमति प्रदान किया गया।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

4. जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार द्वारा जिला अन्तर्गत प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के सभी विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल की आपूर्ति कराने हेतु प्रस्ताव प्राप्त है (सूची संलग्न)। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के गहन समीक्षोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से सभी विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल की आपूर्ति कराने हेतु अनुमोदन किया गया।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

5. डी0एम0एफ0टी0 कार्यालय, लातेहार में जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार द्वारा जिले के सभी कस्तुरबा गाँधी विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय एवं

जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक/बालिका उच्च विद्यालय/ प्राथमिक विद्यालय में सुरक्षा के दृष्टिकोण से महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति/भुगतान हेतु प्रस्ताव प्राप्त है। समिति द्वारा गहन समीक्षोपरान्त उपरोक्त सभी विद्यालयों में महिला/पुरूष गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति एवं डी0एम0एफ0टी0 मद से भुगतान हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

6. डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के शहरी क्षेत्र, चन्दवा के नगर मन्दिर, बरवाडीह में फॉरेस्ट कॉलोनी से चेक नाका तक, बेतला नेशनल पार्क एवं वन विहार तथा महुआडांड़ में नेतरहाट के विभिन्न क्षेत्रों अरूणोदय अतिथि गृह, शैले हाउस, लेक व्यू प्वाईट एवं कोयल व्यू प्वाईट में इलेक्ट्रिक डेकोरेटिव स्ट्रीट का अधिष्ठापन हेतु स्वीकृत योजना में बिजली का कनेक्शन कार्यकारी एजेंसी जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा लेने एवं मासिक बिजली बिल का भुगतान डी0एम0एफ0टी0 मद से कराने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार/ जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार)**

7. उप निदेशक, पलामू ब्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमण्डल, मेदिनीनगर के द्वारा पलामू ब्याघ्र आरक्ष में वन्य प्राणियों के संवर्धन मानव वन्यजीव द्वन्द्व, आजीविका हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

| **क्र0** | **प्रस्ताव का नाम** | **स्थल** |
|---|---|---|
| 1 | अजोला पीट एवं वर्मी कम्पोस्ट पीट का निर्माण। | पलामू ब्याघ्र आरक्ष स्थित गांवों में |
| 2 | बचाव उपकरण | बेतला N/P |
| 3 | चेकनाका का आधुनिकीकरण | SH-9 |
| 4 | E-Bike/Bicycles of EDC एवं बैट्री कार | बेतला N/P |
| 5 | अग्नि सुरक्षा | पलामू ब्याघ्र आरक्ष के सभी प्रक्षेत्रों में। |

बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के गहन समीक्षोपरान्त उक्त योजना को समिति द्वारा सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्रियान्वित कराने हेतु अनुमोदित किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

8. कार्यालय, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला अन्तर्गत प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न ग्राम सभा से विभिन्न

प्रक्षेत्र के योजनाओं का प्रस्ताव प्राप्त है, उक्त प्राप्त प्रस्ताव में जनउपयोगी एवं महत्वपूर्ण वैसी योजनाएं जिसे अन्य प्रखण्डों के पंचायतों में भी कराया जाना आवश्यक है वैसी सभी कुल– 1701 प्रस्तावों **(सूची संलग्न)** पर समिति द्वारा गहन समीक्षोपरान्त सर्वसम्मति से क्रियान्वित कराने हेतु अनुमोदन किया गया। योजना की विवरणी निम्नवत है :–

| Sector | Category as per PMKKKY | No. of Proposals |
|---|---|---|
| High Priority | Agriculture | 1 |
| | Education | 237 |
| | Health | 20 |
| | Housing | 53 |
| | Sanitation | 148 |
| | Skill Development and Livelihood Generation | 8 |
| | Welfare of aged and differently abled | 1 |
| | Welfare of Women and Children | 119 |
| **High Priority Total** | | **587** |
| Other Priority | Enhancing Environmental Quality | 5 |
| | Physical infrastructure | 1109 |
| **Other Priority Total** | | **1114** |
| **Grand Total** | | **1701** |

समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त सभी प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान करने हेतु अगामी न्यास परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

**ज्ञापांक...235.../डी0एम0एफ0टी0, दिनांक...09.../...03.../2024**

**प्रतिलिपि :–** प्रबंधकीय समिति डी0एम0एफ0टी0 के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।